11 वंचित एवं उपेक्षित विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव...



10 नहर आने के चार दिनों बाद भी जल संकट से परेशान ...





# Adarsh Sr. Sec. School
## Bawani Khera

ADARSH SR.SEC.SCHOOL BAWANI KHERA (BHIWANI) Estd - 1978

Affiliated to Board of School Education Haryana (Bhiwani)

E- mail-adarsh050055@gmail.com

## 10TH CLASS RESULT



**Diksha**
D/o Vikas Yadav
97.8%

Gori Tanwar D/o Manoj 97.4%
Yash S/o Chandresh Kumar 96.8%
Chetna D/o Ashok 96.8%
Yash S/o Suresh Kumar 95.8%
Archana D/o Manoj Sharma 95.4%
Himanshi D/o Sonu 95.2%
Shabnam D/o Nishant 94.6%
Anjal D/o Surender 94%
Priya D/o Kanwarpal 93.6%
Vasudev S/o Vinod Kumar 93.6%
Dhruv Sharma S/o Mohan Lal 93%
Jyoti D/o Bharat Singh 92.8%
Rashi D/o Ashok 92.8%
Dhruv Kumar S/o Pawan Kumar 92.6%
Nidhi D/o Mukesh 92.6%
Vineet S/o Suresh Kumar 92.6%
Vishakha D/o Satyawan 92.4%
Muskan D/o Vikram Singh 92.4%
Sushil S/o Gajendra Singh 92.2%
Nisha D/o Bijender 91.4%
Sneha D/o Sushil 91.4%
Aanchal D/o Raman 91.2%
Rinki D/o Krishan 91%
Abhay Singh S/o Satpal 90.2%
Neha D/o Manoj Kumar 90.2%
Salona D/o Partap 90%
Varsha Tanwar D/o Pawan 90%
Priyanshu S/o Mukesh 89.8%
Ashu D/o Jaibir Singh 89.6%
Sneha D/o Suresh Kumar 89.2%
Pooja D/o Vinod Singh 89%
Gorvi D/o Rajiv 88.8%
Monika D/o Suresh Kumar 88.8%
Riya D/o Satyawan 88.8%
Tarun S/o Kuldeep Singh 88.8%
Shweta D/o Mukesh 88.8%
Yogesh S/o Anil Kumar 88.8%
Shubham S/o Anil Kumar 87.6%
Sumit S/o Raju 87.6%
Muskan D/o Sushil 87.4%
Yogesh S/o Jitender Singh 87.2%
Deepika D/o Jai Bhagwan 86.2%
Nitesh S/o Naresh 86%
Naman Jangra S/o Satpal Singh 85.8%
Yashwant Singh S/o Sandip Singh 85.6%
Khushi D/o Sandeep 85.4%
Muskan D/o Mukesh 85.4%
Pooja D/o Narender 85.4%
Shivam S/o Pardeep Tanwar 85.4%
Sneha D/o Rajesh Kumar 85.4%
Khushi D/o Narender 85.2%
Sakshi D/o Virender Kumar 84.8%
Sania D/o Ravikant 84.6%
Rohit Kumari D/o Sanjay Kumar 84.6%
Yashasvi D/o Somparkash 84.2%
Deepika D/o Vinod 84%
Deepika D/o Sewa Dass 83.4%
Khushi D/o Mainpal 82.8%
Akshita D/o Surender 82.6%
S P Aryan S/o Sanjay Kumar 82.2%
Kajal D/o Bijender 81.4%
Nitish S/o Ramesh 80.8%
Saurabh S/o Vinit Singh 80.8%
Shubham S/o Sunil 80.2%

| | |
|---|---|
| Total Merit | 65 |
| Above 95% | 7 |
| 90 to 95% | 21 |
| 80 to 90% | 37 |

**Subject Wise Merit**

| Subject | T. Merit | M.M. | Subject | T. Merit | M.M. |
|---|---|---|---|---|---|
| Hindi | 56 | 98 | Science | 56 | 97 |
| English | 63 | 100 | Physical Education | 63 | 100 |
| Maths | 17 | 98 | | | |
| Social Studies | 65 | 98 | Sanskrit | 36 | 100 |

## 12TH CLASS RESULT



**Bhawana**
D/o Mohan Lal
93.8%

Anjali D/o Sunder Singh 93.4%
Manisha D/o Ravinder 92.6%
Chetna D/o Chandresh Kumar 91.6%
Sakshi D/o Sathir Singh 91.2%
Deepanshu S/o Pawan Kumar 90.6%
Riya D/o Privrit 89.6%
Tanisha D/o Sandeep 88.6%
Anu D/o Sanjay Kumar 87.8%
Urvashi D/o Bharat Singh 87.8%
Khushi Ram S/o Mohan Sharma 87.8%
Khushboo D/o Yashpal 86.6%
Karan Sharma S/o Vijay Sharma 86%
Supriya D/o Pardeep 85.5%
Nancy D/o Ashok 85.4%
Bhoomika D/o Harish kumar 85%
Lokesh S/o Radhe Shyam 84%
Shruti D/o Sanjay 84%
Ayush S/o Rajmal 83.2%
Vishal S/o Ved kumar 83.2%
Parul D/o Sanjay 82.8%
Monika D/o Naresh Kumar 82.6%
Preeti D/o Mukesh Kumar 82.4%
Mukul S/o Jaibir Singh 82.2%
Khushi D/o Krishan 82%
Neha D/o Sunil 81.8%
Karishma D/o Suresh 81.6%
Tannu D/o Pardeep 81.6%
Bhumika D/o Mahender Singh 81%
Nitin S/o Pawan 80.8%
Karan S/o Ombir 80.4%
Manish S/o Manoj 80.2%

| | |
|---|---|
| Total Merit | 32 |
| Above 90% | 16 |
| 80 to 90% | 16 |

**Subject Wise Merit**

| Subject | T. Merit | M.M. | Subject | T. Merit | M.M. | Subject | T. Merit | M.M. | Subject | T. Merit | M.M. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| English | 27 | 97 | Chemistry | 18 | 96 | Accountancy | 6 | 98 | History | 14 | 95 |
| Hindi | 20 | 91 | Maths | 21 | 96 | B. Std. | 10 | 97 | Home Sci. | 25 | 98 |
| Physics | 14 | 90 | Biology | 12 | 93 | Pol. Sci. | 24 | 95 | Physical Edu. | 40 | 97 |

**Principal - T.C. Yadav**    **M. 9350468980**    **Director - Vikas Yadav**

## खबर संक्षेप

### सांगवान ने संभाला एसडीएम का कार्यभार

**बाढ़ड़ा।** एचसीएस आशीष सांगवान ने सोमवार को उपमंडल अधिकारी कार्यालय पहुंच कर एसडीएम के पद पर कार्यभार संभाला। कार्यालय में पहुंचने पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों व प्रशासिनक अधिकारियों ने स्वागत किया। उनका पिछले सप्ताह ही चरखी दादरी से बाढड़ा कार्यालय में तबादला किया गया है। सांगवान प्रदेश के सबसे नवचयनित चरखी दादरी जिले में सीटीएम व एसडीएम पदों पर रह चुके हैं।

### पात्रता परीक्षा को लेकर कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

**भिवानी।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तिथिया घोषित हो चुकी है। यह परीक्षा 26 व 27 जुलाई को होनी है। इस परीक्षा के फॉर्म हालाकि पहले ही भरवाए जा चुके है। बोर्ड सचिव डॉ मुनीश नागपाल के अनुसार इस परीक्षा के लिए बोर्ड ने अपनी कमर कस ली है। बोर्ड कर्मचारियों की छुट्टियाँ भी अगले आदेशों तक रद्द कर दी गई है। वी ओ बोर्ड सचिव डॉ मुनीश नागपाल के अनुसार परीक्षा की तिथिया घोषित हो चुकी है।



### आदित्य ने पास की सैनिक स्कूल की परीक्षा

**भिवानी।** गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र आदित्य ने सैनिक स्कूल की परीक्षा पास कर विद्यालय एवं गांव का रोशन रोशन किया। स्कूल संचालिका रेणुका शर्मा व प्राचार्य अतरसिंह ने बताया कि एनटीए ने 22 मार्च को ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम जारी किया था, जिसमें उनके विद्यालय के आदित्य ने छठी कक्षा की परीक्षा पास कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया हैं।

### 10 वीं पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन

**बहल।** कस्बे के समाजसेवी, गोभक्त सेठ स्व. ताराचंद अग्रवाल की 10 वीं पुण्यतिथि पर श्री अलख गोशाला में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोभंडारा और विशेष गोसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता स्व. ताराचंद अग्रवाल का जीवन गौसेवा, भक्ति और जनकल्याण को समर्पित था। वे न केवल धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, बल्कि गांव के सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते थे।

### बस स्टेंड पर महिला के जेवरात व नकदी चोरी

**लोहारू।** लोहारू बस स्टेंड पर हिसार जाने एक महिला यात्री के बैग से चोर द्वारा हजारों रुपयों के जेवरात व सात हजार रुपये की नकदी चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में मोरवा निवासी महिला मनीषा ने बताया कि वह पीपली से लोहारू बस स्टेंड पहुंची तथा हिसार जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। जैसे ही हिसार की बस में बैठी और बैग देखा तो उसका बैग खुला हुआ था और बैग में से पर्स गायब था।

# शहर की पॉश कॉलोनियों में भी पेयजल संकट,कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

- अधिकारी ने अलग से जोन बनाने व आठ इंची ट्यूबवेल बोर करवाने का दिया भरोसा
- पार्षदों ने सौंपे मांगपत्र में बताया कि सेक्टर के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई पहुंचती ही नहीं।

हरिभूमि न्यूज भिवानी

सेक्टर की समस्याओं को लेकर नगरपरिषद पार्षद संदीप यादव व पार्षद सुभाष तंवर एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र कुमार को मांग पत्र सौंपा। पार्षदों ने बताया कि शहर की पॉश कॉलोनियों में शामिल सेक्टर 13 में पीने के पानी का भयंकर संकट बना है।

इस दौरान पार्षदों ने एक अतिरिक्त वाटर टैंक बनवाए जाने की मांग की। साथ ही कहा जिन इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंचती । उन इलाकों के लिए अलग से बुस्टर का निर्माण करवाया जाए। बुस्टर का निर्माण कार्य शुरू होने तक गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र में 8 इंची ट्यूबवेल का बोर करवाया जाए। ताकि जलघर से पानी की सप्लाई के साथ ट्यूबवेल का जैसा भी पानी हो,उसकी सप्लाई घरों तक पहुंचाई जा सके। जिस पर कार्यकारी अभियंता ने तत्काल ट्यूबवेल का एस्टीमेट बनवाने तथा जल्द कार्य शुरू करवाए जाने का भरोसा दिलाया। पार्षदों ने सौंपे मांगपत्र में बताया कि सेक्टर के कई क्षेत्र ऐसे है। जहां पर गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई पहुंचती ही नहीं। जिससे लोग खासे परेशान है। यहां यह बताते चले कि सेक्टर के कुछ इलाके व गलियां ऐसी है। जहां पर गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाती। सर्दी व बारिश के दिनों में सप्लाई नियमित हो जाती है। इन इलाकों में यह समस्या दस से बारह वर्ष से है।

## सेक्टर 13 में पीने के पानी का भयंकर संकट




भिवानी। मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### मार्केट में नहीं है बाथरूम

पार्षदों ने सौंपे मांगपत्र में बताया कि एचएसवीपी के जितनी की मार्केट हे। उनमें किसी में भी कोई बाथरूम नहीं है। लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर अधिकारी ने बताया कि वे जल्द ही सभी मार्केटों का निरीक्षण करवाकर यह पता लगवाएंगे कि किन किन मार्केट में बाथरूम बनवाए जाने के लिए जगह उपलब्ध है। जहां पर भी जगह मिलेगी। वहीं पर बाथरूम का निर्माण करवा दिया जाएगा। इनके अलावा पार्षदों ने बताया कि सेक्टर 13 में् रशिक्षा बोर्ड के साथ लगती सड़क पर रात के वक्त अंधेरा छाया रहता है। उस पर लाइटें नहीं है। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी खतम होती है। वहां पर सड़क जर्जर हालत में है और वहां पर लाइटें न होने की वजह से रात के वक्त किसी अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी रहती है। सेक्टर में विभाग द्वारा नई प्लाटिंग की गई है। वहां पर अभी तक लाइटों की व्यवस्था नहीं की गई है। इस पर कार्यकारी अभियंता ने बताया कि वे जल्द ही सेक्टर में जिन जगहों पर लाइटों की जरूरत है। वहां पर लाइटें लगवाएंगे। ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो पाए।

# नहर आने के चार दिनों बाद भी जल संकट से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा

## तीन कॉलोनियों के निवासियों ने मिनी बाईपास चौक पर रोड जाम कर जताया रोष

- पुलिस कर्मचारी व विभाग के जेई ने मौके पर पहुंचकर समाधान का आश्वासन देते हुए खुलवाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी






भिवानी। लकड़ी लगाकर रोके गए रास्ते का दृश्य और पानी की समस्या को लेकर रोड जाम करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

चार दिन से नहर आने के बावजूद भी शहर का जल संकट समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय रोहतक रोड़ स्थित कदम अस्पताल बाईपास रोड के दोनों ओर लगती शांति नगर, न्यू भारत नगर व बैंक कालोनी के एक हिस्से में पिछले 25 दिनों से पानी नहीं आ रहा रहा है। परिणामस्वरुप इन कालोनियों की महिलाओं व निवासियों के सब्र का बांध टूट गया तथा उन्होंने सोमवार को मिनी बाईपास चौक के नजदीक जाम लगा दिया।

इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम लगाने वालों ने फोन करके सीपीएम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश को मौके पर बुलाया। जिनके साथ माकपा नेता सुखदेव पालवास व रामफल देशवाल भी वहां पहुंचे। स्थिति को देखते हुए उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत को फोन किया तथा मौके पर आकर समस्या का समाधान करने व जाम खुलवाने के लिए कहा। करीबन एक घंटे तक जाम लगने के बाद पुलिस प्रशासन, विभाग के जेई ताजदीन व सुपरवाईजर श्रीराम वहां पहुंचे तथा उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया तथा दो टैंकर पानी के मौके पर मंगवा कर काफी जद्दोजहद, कहासुनी तथा तू-तड़ाक के बाद जाम खुलवाया।

सीपीएम नेता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि संबंधित विभाग के बड़े अधिकारी, जिला प्रशासन व चुने हुए जन प्रतिनिधि विधायक व सांसद लोगों की पानी बिजली व सीवरेज की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और लोग तंग आकर आए दिन जाम लगाने पर मजबूर हो रहे है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी समस्याएं समाधान शिविर में बार-बार लगाकर थक चुके है, परंतु अधिकारी टस से मस नहीं हो रहे है। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि चार दिन पहले नागरिकों ने सीवरेज समस्या को लेकर जाम लगाया था तथा उन्हे मिले लिखित आश्वासन के बाद भी अभी समाधान नहीं हुआ है।

**पब्लिक परेशान नहीं होगी तो बात उपर तक कैसे पहुंचेगी:** जाम लगा रहे एक युवक ने बताया कि मुख्य समस्या पानी छोड़ने वाले की है। वह पांच मिनट पानी छोड़कर फिर बंद कर देता है। गली में पानी पहुंचता ही नहीं। सड़क जाम के बारे में पूछे जाने पर बताया कि पब्लिक परेशान नहीं होगी तो उपर तक बात कैसे पहुंचेगी। राधा वर्मा ने उनके क्षेत्र में 15 दिन से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। उनको मजबूरन खारा पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले नहर में पानी न होने की बात कही जा रही थी। अब नहर में भी पानी आ गया है। उसके बाद भी पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। एक अन्य महिला ने बताया कि पहले कहते थे कि पंजाब पानी नहीं दे रहा। अब पंजाब ने भी पानी दे दिया और नहरों में पानी आ गया। उन्होंने बताया कि डीसी सुनवाई नहीं करता। जेई फोन नहीं उठाता तो किसके पास शिकायत करें। इस अवसर पर हुकम कौर प्रमिला, गुडडी, संतोष, सियाराम, सुधीर, लीलू, शिव शंकर महाबीर, सतीश, देवेन्द्र लांबा, अनिल कुमार, ओमपति, रोशनी अनेक सैकड़ों महिला व पुरुष शामिल रहे।

### समाधान शिविर में रखी मांग

एडीसी ने शहर के मिनी बाईपास सैनी चौक क्षेत्र निवासी राम किशन द्वारा रखी गई पेयजल समस्या के समाधान के लिए मौके पर मौजूद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत प्रभाव से पानी के टैंकर भिजवाने का कार्य करें ताकि लोगों को पर्याप्त पेयजल मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने समाधान शिविर में मौजूद गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया को इस समस्या से संबंधित कार्रवाही का निरीक्षण करने को कहा।



बवानीखेड़ा। टैंकर से पानी भरते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शहर में पानी का संकट, चेयरमैन ने पीने के पानी की करवाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के सभी 16 वार्डों में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। लोग पानी के लिए हाहाकर किए हुए हैं क्योंकि जन स्वास्थ्य विभाग के जलघर पानी नहर में पानी न आने को लेकर खुद प्यास दिखाई दे रहे हैं। वहीं पानी की समस्या को लेकर लोगों ने इसकी जानकारी नपा चेयरमैन सुंदर अत्री के आगे व्यक्त की और सुंदर अत्री ने योजनाबद्ध तरीके से पानी के टैंकरों की वार्डवाइज व्यवस्था की ताकि हर घर तक पानी मुहैया हो सके। सुंदर अत्री ने बताया कि नहर में पानी आते ही टैंकों में शुरू होगा और टैंकों में जमा होने पश्चात पानी फिल्टर करवाकर सप्लाई शुरू करवाई जाएगा। उन्होंने लोगों से भी उत्तेजित न होकर सहनशील बनने व सहयोग करने की अपील की। ताकि कौतूहल की स्थिति पैदा न हो। वहीं लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने पर लोगों ने नपा चेयरमैन सुंदर अत्री का आभार व्यक्त किया।

### आम रास्तों में अवैध कब्जा या अतिक्रमण न हो अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें : एसडीएम

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि अधिकारी शिकायतों को प्रथम चरण में ही गंभीरता से लेकर निदान करें। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर अधिकारी स्वयं संज्ञान लें और लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। समाधान शिविरों से प्रशासनिक पारदर्शिता और अधिक बढ़ी है। अधिकारियों को नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरना है।एसडीएम मनोज दलाल सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पुरानी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि अब सप्ताह में सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। आमजन समाधान शिविरों में अपनी समस्या रखकर उनका समाधान करवा सकते हैं। एसडीएम ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गौर से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीन की पैमाइश व निशानदेही कर अवैध कब्जे शीघ्र हटवाने का काम करें। इसके लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करवाएं।

# बीज उपचार को आदत के रूप में अपनाएं किसानः डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पौधों पर आक्रमण करने वाली कई ऐसी बीमारियां है, जिनके जीवाणु भूमि में रहते हैं। जैसे ही नन्हा पौधा उगता है, वे इन पर आक्रमण कर देती है, जिससे पौधें की खुराक व पानी के संचार में बाधा पड़ती है। परिणामस्वरूस पौधा पीला पड़कर सूख जाता है, लेकिन बीज को उचित दवा से उपचारित करके बोया जाए तो ऐसे रोगों से बचा जा सकता है, ये बात चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत डॉ. आरके सैनीने कही। वे खंड कैरू के गांव ढाणी ब्राह्मनान में आयोजित कृषि शिविर में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

शिविर का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. सैनी ने कहा कि ग्वार फसल की जड़ों को हानि पहुंचाने वाली फफूंद द भी जमीन में रहती है, जिसकारण उखेड़ा रोग बनता है। प्रति किलो बीज तीन ग्राम बाविस्टिन 50 प्रतिशत से बीज को सूखा उपचारित कर बोने से इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे बीज उपचार को एक आदत के रूप में अपनाएं। कृषि विकास अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार ने कृषि योजनाओं की जानकारी दी।



### ये रहे मौजूद

शिविर में सरपंच मनोज कुमार के अलावा हवा सिंह, प्रदीप कुमार, बबलू, विरेंद्र, भगवान सिंह, सोमबीर अमबीर, श्रीनिवास, रमेश कुमार, बाबूलाल, सुरेन्द्र, विजय आदि मौजूद रहे।

### व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ -2 भिवानी की टीम ने गांव रतेरा से व्यक्ति को मादक पदार्थ हैरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21.60 ग्राम हैरोइन बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा गांव रतेरा मौजूद थे जो पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि व्यक्ति गाड़ी में मादक पदार्थ लेकर धमाणा से रतेरा होते हुए बिरण जाएगा। पुलिस टीम ने गांव रतेरा से धमाणा रोड पर नाकाबंदी करके सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान रविंद्र निवासी बिरण जिला भिवानी के रूप में हुई है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीकः चंदा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नारी शक्ति की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन आदर्श को प्रत्येक जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 से 31 मई तक उनकी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा चंदा गुप्ता के नेतृत्व में जिला भर में मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया किया गया। इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा चंदा गुप्ता सहित अन्य महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जोगीवाला मंदिर में शिव अराधना व शिवलिंग पर जलाभिषेक कर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में मातृशक्ति की भागीदारी और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमिता डुडेजा, महामंत्री शालू अरोड़ा, महामंत्री माया, अमिता, अनिता, सुमन, मंजू सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही। चंदा गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीक हैं। उनका जीवन सेवा, त्याग और न्याय का अनुपम उदाहरण है। उनकी स्मृति में यह आयोजन हमें उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन आदर्श को अपनाकर आगे बढने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी बन रहा है।



भिवानी। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## सांसद , विधायक व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने करवाया कार्य का शुभारंभ

# सवा तीन करोड़ से शहर में सुधरेगी सड़कों की सेहत

- लोगों के लिए नासूर बनी दिनोद रोड (श्याम बाग) से लेकर तोशाम बाईपास तक की सड़क के दिन फिरने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डेढ़ दशक से शहर के लोगों के लिए नासूर बनी दिनोद रोड(श्याम बाग) से लेकर तोशाम बाईपास तक की सड़क के दिन फिरने लगे है। इसी क्रम में सोमवार को सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ तथा नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सामूहिक रूप से नारियल फोड़कर उक्त सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। उक्त सड़क के निमार्ण पर करीब ढाई करोड रुपये की लागत आएगी। इससे पहले तीनों जनप्रतिनिधियों ने रेलवे फाटक(बीडीपीओ) से लेकर सेवा नगर तक की सड़क के कार्य का भी शुभारंभ करवाया।

इस सड़क के निर्माण पर करीब 60 लाख रुपये की लागत आएगी। दोनों कार्य नगरपरिषद द्वारा करवाए जा रहे है। दोनों जगहों की सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करवाए जाने के बाद वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया और नेताओं ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यो के लिए धन की कमी नहीं है। बशर्ते जनता सार्वजनिक कार्य लेकर आए। इस मौके पर वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सिंह, पार्षद शिव कुमार गोठवाल, पार्षद अनिल, पार्षद महाबीर, सूर्या तंवर, रोहतास,कैप्टेन राजा, राकेश, पूर्व एमसी राजेश तंवर, बृजलाल आदि मौजूद थे।



### डेढ़ दशक से अटका था इन सड़कों का काम

बताया जा रहा है कि दिनोद रोड पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आती थी। जिसका पिछले डेढ दशक से कोई कार्य नहीं करवाया गया। जिसकी वजह से इस सड़क में अनेक जगहों पर गड्ढे बने थे। इन सड़कों पर वाहन तो क्या लोग पैदल चलने से भी कतराते थे। यह रोड नगरपरिषद भिवानी के कब्जे में आने के बाद नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने इस रोड के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की। अब सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज इस रोड के निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इसी तरह रेलवे फाटक से लेकर सेवा नगर तक के रोड का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। इस रोड पर अनेक जगहों पर गड्ढे बने है। रेलवे फाटक के वक्त ही इस रोड का निर्माण हुआ था। उसके बाद से किसी ने रोड के निर्माण की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि दिनोद रोड पर स्थित श्याम बाग से लेकर तोशाम बाईपास तक तथा रेलवे फाटक बीडीपीओ ऑफिस से लेकर सेवा नगर तक की सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू करवाया है। इन दोनों कार्यो पर करीब सवा तीन करोड़ रुपये की लागत आएगी। पहले ये सड़के पीडब्ल्यूडी बींएड आर के अंडर में थी। अब ये सड़कें नगरपरिषद के अंडर में आ गई।

# नंबरदार एसो. के प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

नंबरदार एसोसिएशन तोशाम के प्रतिनिधियों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अपील की गई कि प्रदेश में नए नंबरदारों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए और उन्हें सरबराह नंबरदार का दर्जा दिया जाए। साथ ही 75 वर्ष से अधिक आयु के कारण हटाए गए नंबरदारों को दोबारा बहाल किया जाए। एसोसिएशन ने वर्ष 2018 में हिसार में की गई घोषणा का हवाला देते हुए कहा कि राज्य भर के सभी नंबरदारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं ताकि सरकार अपने वादों को पूरा कर सके। उन्होंने यह भी मांग की कि सभी नंबरदारों को ग्राम पंचायतों में भागीदारी दी जाए ताकि वे ग्रामीण प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। संगठन ने नंबरदारी पद को वंशानुगत बनाए जाने की भी मांग की, ताकि पूर्व नंबरदार के बेटे को ही यह जिम्मेदारी मिल सके। ज्ञापन पर एसोसिएशन के कई सदस्यों के हस्ताक्षर थे।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रधान पवन नंबरदार छपार, बिजेंद्र नंबरदार, नरेंद्र नंबरदार, रामकरण, रामसिंह निगाना, कृष्ण कुमार, चरण सिंह, सतबीर, करण सिंह खानक सहित कई नंबरदार मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## पुलिस की गाड़ी तथा टाटा एस में टक्कर

**तोशाम।** सोमवार सुबह भिवानी मार्ग पर बाईपास के नजदीक पुलिस की गाड़ी तथा टाटा एस गाड़ी की टक्कर हो गई। जिसमें कुछ पुलिसकर्मी तथा टाटा एस गाड़ी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार सुबह बागनवाला निवासी युवक विजेंद्र कुमार भिवानी से तोशाम की तरफ आ रहा था वहीं करीबन आधा दर्जन पुलिसकर्मी एक गाड़ी में सवार होकर किसी कार्य के लिए भिवानी जा रहे थे जब वह तोशाम से भिवानी मार्ग पर आईटीआई के पास बायपास मार्ग के नजदीक पहुंचे तो भिवानी की तरफ से आ रही टाटा एस गाड़ी से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई।

## हर मंगलवार लगेगी बिजली लोक अदालत

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि 27 मई को प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक उपभोक्ताओं की बिजली लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत बीटीएम रोड़ स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ऑपरेशन सर्कल कार्यालय में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अधीक्षण अभियन्ता इंजीनियर विनोद पुनिया को निर्देश दिए गए है कि वे स्वयं मौजूद रहकर बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों जैसे बिल से संबंधित, रखरखाव व सुधार संबंधित और ट्यूबवेल कनेक्शन आदि समस्याओं को सुने। प्रत्येक मंगलवार को बिजली निगम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जा रही हैं।

## पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री आदि पद्म पुरस्कारों के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई रखी गई है। नामांकन व अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति द्वारा एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र, विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों व सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत किया जाना जरूरी है।

## आईटीआई रावलधी में रोजगार मेला 28 को

**चरखी दादरी।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के आदेशों अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी में 28 मई को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एडीसी डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन किया गया है और कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशों पर ही पहली बार जिला में कई विभाग एक साथ मिलकर रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं। इनमें मुख्यतः आईटीआई रावलधी, कलाली, सांतौर, छपार पोलिटेकनिक, एमएसएमई व जिला उद्योग केंद्र आदि शामिल हैं। रोजगार मेले की जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार 28 मई को रावलधी आईटीआई परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास: गर्ग

# वंचित एवं उपेक्षित विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव में दिखाई प्रतिभा

### विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के बल पर पा सकते हैं हर मुकाम, बशर्ते मेहनत करें: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी





**भिवानी।** अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज व अन्य व वैश्य कॉलेज सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं।

वैश्य महाविद्यालय के सभागार में रविवार को सेवा भारती एवं स्वामी विवेकानंद छात्रावास समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद आवासीय परिसर के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यतिथि पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने किया। कार्यक्रम में जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कैलाश गुप्ता ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में उद्योगपति धर्मेश शाह व समाजसेवी रमन अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रावास के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, धार्मिक व सामाजिक संदेश से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं जल संरक्षण, कन्या भ्रूण हत्या पर रोकथाम, चाणक्य नीति, चंद्रगुप्त शासन सहित अनेक हरियाणवी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्वामी विवेकानंद छात्रावास समिति के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी प्रवीण गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। गर्ग ने कहा कि सेवा भारती एवं छात्रावास समिति समाज के उपेक्षित एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा-दीक्षा एवं छात्रावास सुविधा मुहैया करवा उन्हें शिक्षा के बल पर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है। फिलहाल छात्रावास में हरियाणा प्रदेश के 14 जिलों के 29 विद्यार्थी शिक्षा-दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनके अंदर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं सामाजिक भाव को संपूर्ण रूप से विकसित करने का काम सेवा भारती एवं में छात्रावास समिति कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल सर्राफ ने कहा कि छात्रावास का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में राष्ट्रभक्ति का समायोजन, धर्म व संस्कृति के प्रति भाव पैदा करना है। सेवा भारती स्लम बस्तियों में बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से देशभर में वंचित समाज के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयासरत है। सेवा भारती सेवा ही संकल्प, सेवा ही समर्पण को साथ लेकर काम कर रही है। समारोह के मुख्यतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ एवं विशेष अतिथि धर्मेश शाह ने छात्रावास के अंदर शिक्षा-दीक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं छात्रावास समिति से जुड़े समाजसेवियों की प्रशंसा की और वंचितों को शिक्षा-दीक्षा देने का सराहनीय कार्य है।

#### निःस्वार्थ भाव से करें सेवा

महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों के अंदर संस्कार भरी शिक्षा देना और फिर उन्हें राष्ट्र की कड़ी से जोड़कर रखना, यहीं छात्रावास का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ये निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा है, इसलिए वह छात्रावास के पदाधिकारी पर विद्यार्थियों को साधुवाद देते हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता अजय बीडी गुप्ता, समाजसेवी बृजलाल सर्राफ, शिवरत्न गुप्ता, पवन बुवानी वाला, सिविल सर्जन अधिकारी डॉ. रघुवीर शांडिल्य, समिति के संरक्षक सुभाष गोयल, समिति के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी प्रवीन गर्ग, सचिव विजय टुटेजा, नवीन गुप्ता, सुमित खेमका, पवन अग्रवाल, सुंदरलाल अग्रवाल, प्राचार्य संजय गोयल, डॉ. रवि भीष्म, कमल गुर्जर, दिनेश जैन, अनुराग शर्मा, मनोहर लाल, समाजसेवी रमेश सिंघल, दिनेश दाधीच, प्रदीप बंसल, दीपमाला, शिवकुमार चित्रकार, जगतनारायण व राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** कुलभूषण आर्य की चौथी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम को संबोधित करते कामरेड ओमप्रकाश। *फोटो: हरिभूमि*

## पुण्यतिथि पर कई संगठनों ने कुलभूषण आर्य को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

■ नंदकिशोर सोलंकी ने किया कार्यक्रम का संचालन

खरकड़ी रोड फ्रेंड्स कॉलोनी में कामरेड कुलभूषण आर्य की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। विभिन्न संगठनों के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने कुलभूषण आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पण करके उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य कैशियर व जिला भिवानी सचिव नंदकिशोर सोलंकी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कुलभूषण आर्य की जीवन परिचय पर प्रकाश डाला कि कुलभूषण आर्य ईमानदारी की मिसाल थे। उन्होंने विभिन्न संगठनों मिल्क प्लांट यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ, चौकीदार यूनियन, किसान सभा, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के पदों पर रहते हुए बड़ी सूझबूझ और ईमानदारी से कार्य किया। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और वंचित तबको की भलाई के लिए लगा दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर रणदीप सिंह दहिया रहे। उन्होंने हरियाणा के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर कहा कि हरियाणा में ज्ञान विज्ञान समिति के मुख्य कार्य अंधविश्वास और अज्ञान को कम करके विज्ञान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कुलभूषण के परिवार के सदस्यों तथा विभिन्न संगठन के सदस्यों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में विचार रखते हुए कुलभूषण आर्य के पुत्र कर्नल बिजेंद्र आर्य ने कहा कि उनके पिताजी ने परिवार का बहुत सा समय समाज को दिया। उनका अधिकांश समय सामाजिक कार्य करते हुए बीता। कार्यक्रम में कामरेड ओमप्रकाश, जनगायक जयपाल साहु, अजय घुसकानी, प्राचार्य नन्दकिशोर सोलंकी, कुलभूषण आर्य की पत्नी उर्मिला व पुत्र बिजेंद्र आर्य, संतोष देसवाल, रामफल देशवाल, रतन जिंदल, अनुराधा, सजन कुमार सिंगला, भीमसिंह, अनिल आदि मौजूद रहे।

**मार्केट न्यूज**

## एमके हॉस्पिटल द्वारा नरसिंहवास गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**भिवानी।** एमके अस्पताल ने नरसिंहवास गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 240 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। यह पहल ग्रामीण समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में सामान्य चिकित्सा, बीपी, शुगर, खून की जांच,ईसीजी, और अन्य आवश्यक जांचें की गईं। सभी जांचों के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। एमके अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों जैसे सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, यूरो सर्जरी विशेषज्ञ, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ और नर्सिंग स्टाफ ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। एमके हॉस्पिटल टीम ने बताया कि ₹हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है। इस शिविर के माध्यम से हम नरसिंहवास गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सफल रहे हैं।₹ शिविर में ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता, और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। मरीज को आयुष्मान योजना के तहत एमके हॉस्पिटल में फ्री घुटने व कुल्हे बदलवाने की भी जानकारी दी। आयुष्मान योजना के तहत एमके अस्पताल में बीमारियों जैसे ,हड्डी रोग ,कान नाक गला (ईएनटी) ,जनरल सर्जरी, कैंसर उपचार, दांतों से जुड़ी चिकित्सा, क्रिटिकल केयर ,गुर्दे से जुड़ी बीमारियां ,फेफड़ों और साँस की बीमारियां ,स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग का निःशुल्क इलाज प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्यार्थी यशपाल को स्कूल स्टाफ ने किया सम्मानित

**भिवानी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला लेघां के छात्र यशपाल पुत्र राहुल सैनिक स्कूल कुंजपुरा के लिए क्वालीफाई हुआ है। 26 मार्च को विद्यालय में बच्चे का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। विद्यालय के मुख्य शिक्षक राजेश सभ्रवाल ने बताया कि लोग प्राइवेट स्कूलों के पीछे भाग रहे हैं, जहां बहुत अधिक फीस ली जाती हैं, जबकि सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से कहीं आगे हैं। लगातार छह साल से विद्यालय में एक ही अध्यापक कार्यरत होने के बावजूद एक बच्चे का नवोदय विद्यालय देवराला व हाल ही में एक बच्चें का दाखिला सैनिक स्कूल कुंजपुरा में हुआ है। विद्यालय मुखिया सभ्रवाल ने बताया कि प्राइवेट स्कूल के छात्र व अध्यापक सरकारी स्कूलों से आगे नहीं है। लोगों की एक दूसरे को देखकर धारणा बन गई है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती, जबकि प्राइवेट स्कूलों में मोटी फीस देकर भी परिणाम में सरकारी स्कूलों से पीछे रहते हैं।

# सेशन जज ने किया जेल का निरीक्षण

■ गर्मी के मौसम में कैदियों के लिए पर्याप्त व स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव पवन कुमार ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कैदियों की समस्याओं को सुना।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया ने बताया कि लीगल सर्विस कमेटी द्वारा जेलों में बंद उन कैदियों के लिए मिशन मोड़ में काम किया जा रहा है, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से कानूनी सहायता नहीं ले पाते। जेलों में बंद विचाराधीन व सजायाफ्ता कैदियों को निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान सेशन जज ने जेल के बैरकों में साफ-सफाई की स्थिति, विशेष रूप से शौचालयों व स्नानघरों की स्वच्छता को और बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए कैदियों के लिए पर्याप्त व स्वच्छ पेयजल और राहत के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सेशन जज डी.आर. चालिया ने जेल के पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि कैदियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए, ताकि वे भविष्य में एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास कैदियों के पुनर्वास में अहम भूमिका निभा सकता है। निरीक्षण के दौरान वे कैदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच करने रसोईघर पहुंचे और भोजन को स्वयं चख कर उसकी गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। सेशन जज ने वहां उपस्थित कैदियों से संवाद करते हुए कहा कि यदि किसी कैदी को अपने मुकदमे की पैरवी के लिए वकील की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क वकील की सेवा ले सकता है।

## अवैध खनन रोकने को लेकर हो रही सघन जांच

**चरखी दादरी।** सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। जिला खनिज अधिकारी के अनुसार खनन विभाग की टीम द्वारा विभागीय जांच अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई में अवैध वाहनों को पकड़ा जा रहा है। सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशों अनुरूप जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन को रोकने के लिए निरन्तर सख्त अभियान जारी रहेगा।

## अजीतपुरा राजकीय स्कूल में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**भिवानी।** गांव अजीतपुर के राजकीय उच्च विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्याध्यापक सुनील परमार ने बताया कि विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिनकी पास प्रतिशत्ता शत-प्रतिशत रही तथा 6 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में हीना 444 अंक लेकर प्रथम, साक्षी 430 अंक लेकर द्वितीय तथा प्रांशु 418 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं प्रांशु ने संस्कृत विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। सभी होनहार विद्यार्थियों का विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया, ताकि इन विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी भविष्य में और भी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सकें। इस मौके पर सुरेंद्र यादव, महेंद्र मलिक, जयकिशन, मोहनसिंह, गोकुलचंद, अशोक, मंजू शास्त्री, सुदेश, दिनेश व सरोज आदि मौजूद रहे।

# डीसी ने लिया प्रबंधों का जायजा

■ बाढ़ नियंत्रण के लिए जरूरी संसाधनों का समय-समय पर निरीक्षण जरूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** बाढ नियंत्रण के लिए संशाधनों का निरीक्षण करते हुए।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने मानसून सीजन के दौरान अत्यधिक बारिश या बादल फटने पर बनने वाली बाढ़ की स्थिति में बचाव कार्यों को लेकर सोमवार को तोशाम बाईपास डाबर स्थित वाटर टैंक में नाव आदि संसाधनों का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। बचाव कार्यों का जायजा लेने के दौरान उपायुक्त कौशिक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा का कोई समय नहीं होता लेकिन मानसून के दौरान अत्यधिक बारिश और बादल फटने पर जलभराव या बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना होती है। ऐसे में हमारे पास में मौजूद बाढ़ राहत संसाधनों की जांच करना जरूरी होता है।

उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भोरिया और जिला आपदा प्रबंधक प्रवीण कुमार को निर्देश दिए कि वे बाढ़ राहत संसाधनों को दुरूस्त रखें। यदि कहीं पर कोई मरम्मत आदि करवाने की जरूरत है तो वह भी करवाई जाएं। वहीं दूसर ओर उपायुक्त श्री कौशिक ने नाव में बैठकर नाव के संचालन आदि का जायजा लिया। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधक प्रवीन ने डीसी को बताया कि जिला में बाढ़ राहत के लिए 10 नाव हैं।

## शोभायात्रा निकालने पर बनी सहमति

**भिवानी।** शहर में श्रीदक्ष प्रजापति जयंती पर शोभा यात्रा निकालने के संबंध मे रविवार शाम को खाड़ी मोहल्ला स्थित प्रजापति धर्मशाला में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में प्रजापति समाज के विभिन्न मोहल्लों के प्रधानों ने भाग लिया और समाज की एकजुटता के प्रतीक आयोजन पर विस्तृत चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सुरेश प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज के युवाओं की वर्षों से ये मांग रही है कि भिवानी शहर में श्रीदक्ष प्रजापति महाराज की शोभा यात्रा निकाली जाए।

**सूचना**

मैं, अतर सिंह पुत्र श्री देशराम निवासी दुर्गा कालोनी जिला भिवानी हरियाणा विस्वेदार मौजा बास उपतहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ़ सतनाली बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रेनूबाला मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, रणधीर सिंह पुत्र बंसी सिंह व प्रेमलता तंवर पत्नी रणधीर सिंह निवासी वार्ड नं. 6 लोहारू तहसील लोहारू जिला भिवानी हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा दतक पुत्र प्रधुमन हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जीतवानबास में राजपूत धर्मशाला में पुराने चौके और गाटर की नीलामी दिनांक 30.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान राजपूत धर्मशाला में निश्चित किया गया है। जमानत राशि रु. 25000/- रखी गयी है। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच, राजकुमार
ग्राम पंचायत जीतवानबास, खण्ड केरू, जिला भिवानी, मो. 8685054676

### युवावर्ग पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं: सांसद धर्मबीर

# 350 मरीजों ने उठाया जांच शिविर का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

■ महिला सशक्तिकरण की दिशा में आरोग्य केन्द्र का निर्माण सार्थक कदम: महेश

आदर्श महिला महाविद्यालय में नवनिर्मित दर्शना गुप्ता आरोग्य केन्द्र का सांसद धर्मबीर सिंह ने उद्घाटन किया। सांसद ने आरोग्य केन्द्र का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ होगी, तभी समाज निर्माण में अहम भूमिका अदा कर पाएगी।

आज का युवावर्ग उचित जीवन शैली न अपनाने की वजह से पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हैं, जिसकारण वह हर क्षेत्र में अपना पूर्ण योगदान नहीं दे पा रहा हैं। उन्होंने आदर्श महिल महाविद्यालय के संस्थापकों की दूरदर्शी सोच की सराहना की और कहा कि ये महाविद्यालय लाखों महिलाओं के जीवन की उन्नति में कारगर सिद्ध हुआ हैं। उन्होंने दर्शना गुप्ता की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका नेतृत्व केवल हरियाणा तक सीमित नहीं था, बल्कि दिल्ली में भी उनके सामाजिक कार्यो का नेतृत्व अग्रणी था। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी सेक्रेटरी महेश जोशी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि कालग्रास बनने के बाद भी जो मनुष्य अमर रहें, वह सदाचारी हैं, सामाजिक परिवर्तन केवल स्वयं के बदलने से सभंव हैं।

महाविद्यलय प्रबंध कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष अजय बीडी गुप्ता ने कहा कि दर्शना गुप्ता आरोग्य केन्द्र के माध्यम से छात्राओं में तनाव प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी। समिति महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को भूलकर खानपान एवं जीवनशैली की ओर लापरवाह होती जा रही हैं, उनमें बढ़ता तनाव चिंता का विषय हैं। प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अपर्णा बत्रा ने बताया कि शिविर में दिल्ली एवं गुरुग्राम से मैमोग्राफी वैन कैंसर मरीजों की निःशुल्क जांच के लिए उपलब्ध रही, जिसमें शहर से 100 से अधिक मरीजों ने कैंसर जांच करवाई। डॉ. हिमांशु आंचल, अंजना आंचल, डॉ. प्रेम चराया, डॉ. परिमा जैन, डॉ. साक्षी महता, डॉ. शैफाली रखेजा, डॉ. शुभम महता, डॉ. पुष्कर धीर, डॉ. नितेश गोयल, डॉ. एलबी गुप्ता, डॉ. पवन जागड़ा, डॉ. राजीव गिरधर, डॉ. अभिनव एवं डॉ. शैफाली ने कैंप में अपनी निःशुल्क सेवाएं दी। कैंप में लगभग 350 मरीजों ने पंजीकरण करवाया और निःशुल्क एक्सरे, रक्त जांच, चिकित्सा जांच करवाई। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. रघुवीर शांडिल्य, प्रवीण गर्ग, शिवरत्न गुप्ता, सुनीता गुप्ता, प्रोमिला गुप्ता, दीपक बंसल, कमलेश चौधरी, राधेश्याम कौशिक व सुदंरलाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कहना कुछ और चाहते होंगे, मुंह से निकल गया कुछ और : सांसद

**भिवानी।** सोमवार को सांसद धर्मबीर सिंह दिनोद रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाने के लिए पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों ने विगत में राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के पहल गाम घटनाक्रम पर दिए गए बयान का जिक्र किया तो सांसद धर्मबीर सिंह पूरी तरह से बचाव करते नजर आए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग है। वे कहना कुछ ओर चाहते होंगे और निकल गया कुछ ओर। इस तरह के मामले को ज्यादा हवा नहीं देनी चाहिए। उसके बाद प्रशन को टाल गए सांसद। इसी दौरान दूसरे पत्रकार ने पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा द्वारा रविवार को दिए गए बयान पर सवाल पूछ लिया तो सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि उनका कहना यह था कि भगवान परशुराम ने आंतकवाद को खतम किया। पर मीडिया ने इस बयान को किस तरह प्रस्तुत किया।

यह समझ से परे है। इस दौरान एक पत्रकार ने शहर में पीने के पानी की समस्या उठाई और जगह भी बताई,लेकिन सांसद ने कहा कि वे लिखकर दे। समाधान करवा दिया जाएगा। उसके बाद सांसद गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। सांसद धर्मबीर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने उनको बताया कि 31 जुलाई तक आरओबी का रास्ता खोल देंगे, बिजली व पानी की भी सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। ताकि आरओबी की दूसरी तरफ पड़ने वाली कॉलोनी के लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या का समाधान न करना पड़े।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. | रेलवे
CUET | अग्निवीर
S.S.C. | Delhi Police
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926

# BR GROUP OF SCHOOLS

Empowering Education

सही वक्त पर लिया गया निर्णय ही आपके सपनों को पूरा कर सकता है।

## ADMISSION OPEN 2025-26

### 12th TOPPERS - 2025

- 96% TAMANNA D/O SH. RAVI KUMAR
- 94% PRINCE S/O SH. AJIT SINGH
- 94% UPASNA D/O SH. SUNIL
- 93.6% NIKITA D/O SH. GAJENDER

| Name | Parent | % |
|---|---|---|
| USHA | D/o Sh. MUKESH | 93.2% |
| SHAGUN | D/o Sh. VIJAY | 92.6% |
| NIKITA | D/o Sh. VEERPAL | 90.6% |
| POOJA | D/o Sh. RAMPAL | 87.2% |
| ANNVI | D/o Sh. JAI BHAGWAN | 86.6% |
| PANKAJ | S/o Sh. GORI SHANKAR | 86% |
| REKHA | D/o Sh. KULDEEP | 85.6% |
| DIKSHIT | S/o Sh. UMED SINGH | 85% |
| VANSH | S/o Sh. RAJBIR | 84.8% |
| TAMANNA SHARMA | D/o Sh. SHIV KUMAR | 83% |
| SAHIL | S/o Sh. RAJ KUMAR | 82.6% |
| SNEHA | D/o Sh. SUNIL | 82% |
| SONU | S/o Sh. BABULAL | 82% |
| YOGESH | S/o Sh. SURENDER | 81.8% |
| SAKSHI | D/o Sh. JASWANT | 81.2% |
| SANDEEP | S/o Sh. JILE SINGH | 81% |
| SAMIR | S/o Sh. HEMRAJ | 80.4% |
| PALAK | D/o Sh. DEVENDER | 79.6% |
| NITISH | S/o Sh. SUKHENDER | 79.4% |
| SAKSHAM | S/o Sh. SANJEEV KUMAR | 79.2% |
| RINKU | S/o Sh. RAM AVTAR | 79.6% |
| SHAKSHI | D/o Sh. AMIT | 78.4% |
| TAMANNA | D/o Sh. PRADEEP | 78.4% |
| MOHIT | S/o Sh. SANJAY | 78.2% |
| NIDHI | D/o Sh. AJAY | 77.8% |
| MANSHI | D/o Sh. SATPAL | 77.2% |
| PRAVESH | S/o Sh. RAM CHANDER | 77.2% |
| MUSKAN | D/o Sh. SANJAY KUMAR | 76.8% |
| CHETNA | D/o Sh. ROHTASH | 76.6% |
| NIKHIL | S/o Sh. MUKESH | 76.6% |
| ARJU | D/o Sh. SAMSHER | 76.2% |
| HARSH KUMAR | S/o Sh. INDERJEET | 76% |
| PREETAM | S/o Sh. JAGDISH | 75.4% |
| NITISHA | D/o Sh. INDRAJ | 75.2% |
| NIKHIL | S/o Sh. RAJESH | 75% |

### 10th TOPPERS - 2025

- 93.4% DIVYA D/O SH. VIRENDER
- 92% VASHISTHA D/O SH. DINESH
- 91.2% PRIYANSHI D/O SH. JAIPAL
- 90.8% SUMIT S/O SH. AMAR SINGH
- 90.6% MUSKAN D/O SH. RAVI KUMAR

| Name | Parent | % |
|---|---|---|
| NEERAJ | S/o Sh. VED PRAKASH | 87.6% |
| HIMANSHI | D/o Sh. PAWAN | 87.6% |
| SAKSHI YADAV | D/o Sh. CHANDERBHAN YADAV | 87.4% |
| KHUSHBOO | D/o Sh. BALRAJ | 87.2% |
| PRACHI | D/o Sh. DHANRAJ | 87% |
| CHIRAG YADAV | S/o Sh. UMESH | 86.4% |
| JIYASH | So Sh. RAM MOHAN | 85.2% |
| KAMALKANT | S/o Sh. VRIJ MOHAN | 83.8% |
| SAKSHI | D/o Sh. ASHOK | 83.6% |
| DUSHYANT | S/o Sh. AJIT SINGH | 83.4% |
| YASH | S/o Sh. MUKESH | 83.2% |
| SACHIN | S/o Sh. PRAVEEN KUMAR | 83.2% |
| SHEETAL | D/o Sh. PRAVEEN KUMAR | 83% |
| PRACHI | D/o Sh. SANJAY | 81.6% |
| SUBHAM | S/o Sh. SANDEEP | 80.2% |
| SAPNA | D/o Sh. BALWAN | 79.4% |
| SARITA | D/o Sh. RAMMHER | 79.4% |
| RUPESH | S/o Sh. BALJEET | 78.8% |
| PUSPENDER | S/o Sh. HARISH CHANDER | 78% |
| KHUSHI | D/o Sh. JAGDISH | 77.6% |
| POOJA | D/o Sh. KRISHAN KUMAR | 77.4% |
| VISHAL | S/o Sh. PRADEEP | 77.4% |
| SAHIL | S/o Sh. SATISH | 77.4% |
| ROHIT | S/o Sh. MUKESH | 76.6% |
| HAPPY | S/o Sh. RAJESH | 76.6% |
| RITIK | S/o Sh. PARVEEN | 76.4% |
| RITIKA | D/o Sh. AJAYPAL | 75.8% |
| MAHAK | D/o Sh. SATPAL | 75.4% |
| DILASHA | D/o Sh. SURENDER | 75.4% |
| AASHA | D/o Sh. MOJIRAM | 75.2% |

*A Proud Moment for BR Group ..........*

*Qualified*

## AISSEE-2025

*Entrance Examination-*



### SPECIAL COACHING FACILITIES

- IIT
- NEET
- NTSE
- KVPY
- RAI SPORTS SCHOOL
- SAINIK SCHOOL
- NAVODAYA SCHOOL ETC..

### SPECIAL SPORTS FACILITIES

- Kho-Kho
- Kabaddi
- Badminton
- Boxing
- Volleyball
- Archery
- Karate and all athletics games

# BR GROUP OF COLLEGES

Affiliated to IGU Meerpur, Rewari

क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज

"सही वक्त पर लिया गया निर्णय ही आपके सपनों को पूरा कर सकता है।"

## ADMISSION OPEN

SESSION 2025-26

LIMITED SEATS AVAILABLE

### Courses Available

* BBA * BCA * BA
* B.Com. * B.Sc. (Medical)
* B.Sc. (Non Medical)
* B.Sc. (Computer Science)
* D.El.Ed. * B.Ed.

Apply Online at www.brcollege.edu.in

SC विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के आधार पर एडमिशन

SEHLANG, MAHENDERGARH, HARYANA

8278279707, 8278279705

Sehlang, Mahendergarh    Birhi Kalan, Charkhi Dadri

9416344514 || 9991647879    info@brschool.edu.in    www.brschool.edu.in